(3)

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ

(मानित विश्वविद्यालय)

बी-4 कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-16

नचिकेता राष्ट्रियकार्यशाला

(२१/०७/१६ से २७/०७/१६ तक)

प्रतिवेदन

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ के जीविकोन्नयन प्रकोष्ठ एवं शोध-प्रकाशन विभाग के संयुक्तत्त्वावधान में **नचिकेता राष्ट्रियकार्यशाला** का आयोजन दिनाङ्क 21/07/16 से 27/07/16 तक किया गया। कार्यशाला में वेदान्ता अन्ताराष्ट्रिय सोसाइटी, वाराणसी उ. प्र. के महासचिव स्वामी श्रीप्रबुद्धानन्द पुरी जी महाराज ने कठोपनिषद् के नचिकेतापाख्यान से सम्बलित ध्यानपूर्वक व्याख्यान एवं प्रशिक्षण दिया। प्रत्येक दिन 3 व्याख्यान हुये। प्रातः 11:00 बजे से अपराहण 02:00 बजे तक कार्यशाला हुई, जिससे छात्रों में शास्त्रोचित गूढतत्त्वज्ञान के माध्यम से नैतिक एवं चारित्रिक विकास की उन्नति हुई। इस कार्यशाला में कुल 49 शोधच्छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्‌घाटन दिनांक 21 जुलाई, 2016 प्रातः 11:00 विद्यापीठ के यशस्वी कुलपति प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय जी अध्यक्षता में दर्शन संकाय प्रमुख प्रो0 महेशप्रसाद सिलोड़ी जी के सारस्वतातिथित्व में एवं स्वामी श्रीप्रबुद्धानन्द पुरी जी महाराज जी के मुख्यातिथित्व में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला के व्याख्यान सारस्वत साधना सदन के कक्ष सं. 301 में सम्पन्न हुये। दिनांक 27 जुलाई, 2016 को अपराहण 03:00 बजे कार्यशाला का समापन हुआ, जिसकी अध्यक्षता शोध प्रकाशन एवं सर्वदर्शन विभागाध्यक्ष प्रो. हरेराम त्रिपाठी जी ने की। कार्यशाला का संयोजन शोध-प्रकाशन के शोधसहायक डॉ. ज्ञानधर पाठक ने किया।